SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes /TERM-2

SUBJECT: HINDI

CLASS -6 **Ls.- (व्याकरण पाठ -१४ विशेषण)**

Prepared By: DEEPIKA MEHRA **Given date -**

Prepared date -

विशेषण - वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं।

विशेष्य - जो शब्द जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे विशेष्य कहलाते हैं|

जैसे—यह रंग-बिरंगी तितली है।

उपरोक्त वाक्य में रंग-बिरंगी विशेषण तथा तितली विशेष्य होगा |

विशेषण के भेद – विशेषण के मुख्यतः चार भेद होते हैं

विशेषण

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाणवाचक विशेषण
4. सार्वनामिक विशेषण

१) **गुणवाचक विशेषण –** जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण दोष, रंग-रूप आदि के बारे में बताते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं |

जैसे- लाल गुलाब बहुत सुंदर है।, आयुष आलसी लड़का है।

इन वाक्यों में 'लाल' व 'सुंदर' शब्द फूल का गुण बता रहे हैं, तो 'आलसी' शब्द आयुष का दोष बता रहा है। अतः वे शब्द गुणवाचक विशेषण के अंतर्गत आएँगे।

कुछ प्रमुख गुणवाचक विशेषण शब्द हैं –

गुण-दोष – भला, बुरा, अच्छा, झूठा, उदार, सुंदर।

रंग – लाल, काला, पीला, चमकीला।।

दशा, अवस्था – अमीर, गरीब, पतला, भारी, हलका

आकार – बड़ा, छोटा, चौड़ा, तिकोना, मोटा

२) **संख्यावाचक विशेषण –** जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या की जानकारी दे, वे संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे

इस कतार में पाँच छात्र खड़े हैं।, मेज़ पर चार केले रखे हैं।

इन वाक्यों में पाँच तथा चार क्रमशः छात्र तथा केले की संख्या के बारे में बता रहे हैं, अतः ये संख्यावाचक विशेषण हैं।

संख्यावाचक विशेषण के दो भेद हैं-

i) निश्चित संख्यावाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द निश्चित संख्या का बोध कराते हैं, वे निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं |
जैसे- मेरी कक्षा में चालीस छात्र हैं।

निश्चित संख्यावाचक विशेषण को दो भागों में बाँटा गया है-
ii) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण – वे संज्ञा शब्द जो विशेष्य की निश्चित संख्या का बोध न कराते हों, वे अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं |
जैसे-कुछ बच्चे, कम छात्र, कई घोड़े इत्यादि।

३) परिमाणवाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की परिमाण अर्थात माप-तोल संबंधी जानकारी दें, वे परिमाणवाचक विशेषण कहलाते है |
जैसे–चार किलो चीनी। दो लीटर दूध। पाँच मीटर कपड़ा।

परिमाणवाचक विशेषण को दो भागों में बाँटा गया है-
(i) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तोल बताते हैं, वे निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं|
जैसे—दो मीटर कपड़ा। एक लीटर दूध।
(ii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तोल नहीं बताते वे अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं|
जैसे-थोड़ी चीनी, कुछ खिलौने आदि।

४) **सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण –** जो सर्वनाम विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं |
जैसे—वह लड़की अच्छी है। , वह पुस्तक मेरी है।
यहाँ, 'यह' 'वह' सार्वनामिक विशेषण है।